हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
7 जून 2025, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम संवत् 2082, बरेली

PAGE NO : 06 MIDDLE

# आज नहीं, अब 14 को होगा स्कॉलरशिप टेस्ट

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान स्कॉलरशिप टेस्ट 14 जून को आयोजित किया जाएगा। पहले सात जून को प्रस्तावित था। बकरीद की वजह से इसकी तिथि बदल कर 14 जून की गई है। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित स्कालरशिप टेस्ट में वही विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो पिछले दिनों हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए थे।